दिनांकः 23.05.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू के हालात बरकरार–अगले दो–तीन दिनों में तापमान में और बढ़ोतरी की संभावना।
- लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना प्रदेश में 27 केन्द्रों पर 4 हजार 33 राउंड में होगी।
- राज्य में वॉटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गिनती का काम शुरू–कल सुबह आठ बजे तक होगी गणना।
- बुद्ध पूर्णिमा के अवसर पर विभिन्न सरोवरों और जलाशयों में पवित्र स्नान और दान पुण्य का सिलसिला जारी।

-----------

प्रदेश में प्रचंड गर्मी और लू के हालात बरकरार हैं। ज्यादातर हिस्से भीषण गर्मी की चपेट में हैं। बाड़मेर में पारा कल 48 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। जैसलमेर, फलौदी, चूरू, जालौर, वनस्थली और फतेहपुर में भी अधिकतम तापमान 47 डिग्री सेल्सियस से ऊपर दर्ज किया गया। कई स्थानों पर अधिकतम तापमान में 2 डिग्री सेल्सियस तक की बढोतरी दर्ज की गयी है। हर दिन गर्मी के तेवर तीखे होते जा रहे हैं और झुलसाने वाली गर्मी नये रिकॉर्ड बना रही है। रात के समय भी गर्म हवाओं से राहत नहीं मिल पा रही है। दिन चढ़ने के साथ ही लू के थपेड़े लोगों को परेशान कर रहे हैं। चूरू में तेज तपन को देखते हुए सड़कों पर पानी का छिड़काव किया जा रहा है।

-----------

सीमा क्षेत्र के मैदानी स्थानों पर तपन चरम पर है। झुलसाने वाली गर्मी से लोग बेहाल हैं और रोडवेज तथा रेलवे में भी यात्री भार कम हो गया हे। तेज गर्मी के कारण लू तापघात और मौसमी बीमारियों का प्रकोप बढ़ रहा है। अस्पतालों में लू और तापघात के मरीजों के लिए अलग से बैड आरक्षित रखे गये जा रहे हैं और आम लोगों को लू से बचाव के लिए जागरुक किया जा रहा है। इस बीच, भरतपुर में कल शाम धूलभरी आंधी के साथ नदबई, कुम्हेर, रूपवास और बयाना में हल्की बारिश हुई। ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

------------

राज्य मौसम केन्द्र के अनुसार फिलहाल भीषण गर्मी और लू का दौर बना रहेगा। साथ ही अगले दो–तीन दिनों में तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस बढोतरी की संभावना है। कहीं–कहीं तेज हीटवेव चलने और रात के समय भी ऊष्ण लहर जारी रहने के आसार हैं।

-----------

प्रदेश में समर कंटिंजेंसी के तहत स्वीकृत और अन्य आकस्मिक कार्य 31 मई तक पूरे करने के निर्देश दिये गये हैं। जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने कल इस बारे में वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से बैठक कर जल जीवन मिशन के कामों की भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि समर कंटीन्जेंसी के तहत स्वीकृत कामों किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। श्री शर्मा ने गर्मी के मौसम में पीने के पानी की व्यवस्था के लिए नलकूप लगाने के कामों में तेजी लाने के अवैध कनेक्शनों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।

-----------

लोकसभा चुनाव की चार जून को होने वाली मतगणना के लिए प्रदेश में सभी तैयारियां सुनिश्चित की जा रही हैं। इसके लिए मतगणना कर्मियों का प्रशिक्षण जारी है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने कल जयपुर में पोद्दार प्रबंधन संस्थान में चल रहे प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। श्री गुप्ता ने

बताया कि राज्य की सभी 25 लोकसभा सीटों के लिए 27 मतगणना केन्द्रों पर 4 हजार 33 राउंड में वोटों की गिनती होगी। इसके लिए 2 हजार 713 टेबल लगाई जाएंगी।
उन्होंने बताया कि सभी जिलों में मतगणना कर्मियों का पहला प्रशिक्षण कल तक पूरा कर लिया जाएगा। श्री गुप्ता ने दूसरा प्रशिक्षण 2 जून से पहले करवाये जाने के निर्देश दिये।

-----------

सेना की दक्षिण पश्चिम कमान की रणबांकुरा डिविजन की ओर से आयोजित **अनंत विजय अभ्यास** का कल समापन हुआ। दक्षिण पश्चिम कमान के प्रमुख जनरल धीरज सेठ ने कल इसका निरीक्षण किया। 20 अप्रैल से थार के रेगिस्तान में शुरू हुए इस अभ्यास के दौरान विभिन्न रणनीतियों, तकनीकों और नवीन उपकरणों का अभ्यास किया गया। इस अभ्यास में आर्मी एविएशन और भारतीय वायुसेना की सक्रिय भागीदारी रही। सैन्य कमांडर ने भीषण गर्मी के दौर में सैनिकों के जज्बे और कर्तव्य के प्रति निष्ठा की सराहना की।

-----------

प्रदेश में आज से वॉटर होल पद्धति से वन्यजीवों की गिनती शुरू हो गयी है। सुबह आठ बजे से शुरू हुई गणना का काम कल सुबह आठ बजे तक किया जाएगा। ये गणना सीतामाता और बस्सी सेंचूरी, टेरिटोरियल एरिया और मृग वन में की जा रही है। इसके लिए अभ्यारण्यों में करीब 177 वॉटर होल और आस–पास मचान भी बनाये गये हैं। वन विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ वन्यजीव प्रेमी भी इस प्रक्रिया में हिस्सा ले रहे हैं। मुख्य वन्यजीव प्रतिपालक पी.के. उपाध्याय इसकी निगरानी कर रहे हैं। इस दौरान बाघ, बघेरे और अन्य जीवों की संख्या का आंकलन किया जाएगा।
पिछले साल बेमौसम बरसात के कारण वॉटर होल पद्धति से गणना नहीं पाई थी। इसके लिए कैमरा ट्रेप भी लगाये गये हैं। पूर्णिमा का दिन होने के कारण चांदनी रात में वन्यजीवों की गिनती के काम में आसानी रहती है। जैसलमेर से हमारे संवाददाता ने बताया कि डेजर्ट नेशनल पार्क में 44 वॉटर प्वाइंट बनाये गये हैं।

-----------

भरतपुर के कैवलादेव राष्ट्रीय उद्यान में गणना के लिए 23 स्थान चिन्हित किये गये हैं और 92 कार्मिक लगाये गये हैं। सीकर में वन विभाग की ओर से 88 वॉटर होल बनाये गये हैं और 40 कैमरे लगाये गये हैं। पैंथर की आवाजाही होने के कारण सबसे ज्यादा 20 कैमरे नीम का थाना और पाटन में लगाये गये हैं। भीलवाडा जिले में 49 वॉटर होल बनाये गये हैं। कुंभलगढ वन्यजीव अभ्यारण्य में वन्यजीवों की गिनती के लिए 20 जल स्त्रोतों पर 18 ट्रेक कैमरा लगाये गये हैं। इस बार पैंथर, भालू, सियार और हिरणों तथा अन्य वन्यजीवों के साथ खारड़ा बांध पर विदेशी पक्षियों को भी गिना जाएगा।

-----------

दौसा के मंडावरी क्षेत्र के बिलौना कलां गांव में दूषित भोजन से करीब 180 लोग बीमार हो गये। उल्टी–दस्त की शिकायत के बाद इन्हें बगड़ी और लालसोट के अस्पतालों में भर्ती करवाया गया है। सीएमएचओ सीताराम मीणा ने बताया कि ये घटना एक शादी समारोह में भोजन के बाद हुई। भोजन के नमूने जांच के लिए भेजे गये हैं।

-----------

आज बुद्ध पूर्णिमा है। यह दिन बौद्ध धर्म के संस्थापक गौतम बुद्ध के जन्मोत्सव के रूप में मनाया जाता है। बुद्धम शरणम गच्छामि की गूँज के साथ ही इस अवसर पर कई विशेष कार्यक्रम हो रहे हैं। बौद्ध विहारों पर बौद्ध जन्मोत्सव मनाया जा रहा है। इसे बैशाख पूर्णिमा और पीपल पूर्णिमा के रूप में भी मनाया जाता है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु पुष्कर पहुंचकर विभिन्न सरोवरों में स्नान और पूजा अर्चना कर रहे हैं। सीकर के श्रीकल्याण धाम में विशेष आयोजन हो रहे हैं और आज शोभा यात्रा निकाली गयी। जैसलमेर के लक्ष्मीनाथ मंदिर सहित विभिन्न मंदिरों में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। तीर्थ स्थली बैशाखी पर मेला भरा है। सवाईमाधोपुर के रामेश्वर धाम स्थित त्रिवेणी संगम में पवित्र स्नान के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा हुआ है और चतुर्भुजनाथ मंदिर में भी दर्शनार्थियों की कतारें देखी जा रही हैं।

-----------